an>

Title: Need to resume extraction of copper in Khetri Copper Complex in Jhunjhunu, Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): महोदया, मैं आपका ध्यान 1967 में झुन्झनू में स्थापित खेतड़ी कॉपर कॉम्पलेक्स की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं। इसमें कुछ वर्षों से उत्पादन बंद है, जो पुरानी उत्पादित एम.आई.सी. है, उसे निजी कंपनियों को बेचा या टोल स्मेल्टिंग करवाया जा रहा है। इससे सालाना 100 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। देश में कुल ताम्बे के भंडार का 48 प्रतिशत राजस्थान में उपलब्ध है। इस बहुमूल्य धातु के उत्पादन को बढ़ाने के बजाए प्रबंधन इसको बंद करने की ओर अग्रसर है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि खेतड़ी कॉपर कॉम्पलेक्स में बंद पड़े स्मेल्टरों को खुलवाया जाए, ताकि राजस्थान एवं देश को हो रहे नुकसान से बचा जा सके।